विशेष—मूल श्लोक में चोर वाण में त्याज्य समय नहीं कहा गया है । तथापि रात्रि में चोर के बली होने के कारण रात्रि में चोर का त्याग करना चाहिये ॥ २९ ॥

उदाहरण—जैसे शुक्लपक्ष १० दशमी में मिथुनलग्न में वाण दोष पड़ता है या नहीं यह विचार करना है तो गत तिथि ९, मिथुन की संख्या ३ में जोडने से १२ इसमें ९ का भाग दिया तो ३ बचा, इसलिये मिथुन लग्न में वाण दोष नहीं हुआ । तथा यदि कन्या लग्न लिया जाय तो कन्या की राशि संख्या ६ में गततिथि ९ जोडने से १५ इसमें ९ का भाग देने से ६ शेष बचा इसलिये यहाँ चोर वाण हुआ । इत्यादि समझना । तिथि संख्या शुक्ल प्रति-पदादि से लेना ॥ २९ ॥

स० टी०—चन्द्रे तौलिमृगान्यगे सति वर्गोत्तमतो वर्गोत्तमेन विना अन्तिमलवं अन्त्यनवांशं नो दद्यात्, तथा चरर्क्षे चरलग्ने चरं चरनवांशं च नो दद्यात्। तथा च पञ्चेष्टखेटोनितां (यत्र पञ्चेष्टखेटा न स्युस्तां) तनु लग्नं नो दद्यात्। अथ नवांशमाह—मेषादिषु क्रमात् अजनक्रतौलिककुलीराद्या नवांशा भवन्ति। यथा—मेषे मेषाद्या वृषे मकराद्याः मिथुने तुलाद्याः, कर्के कर्काद्याः, एवमेव क्रमेण सिंहादिष्वपि ज्ञेयाः। अथेष्टनवांशार्थं लग्नसाधनम्—इष्टात् इष्टनवांशतः पूर्वनवांशकाः गतनवांशसंख्या दशाहता त्र्याप्ता त्रिभक्ता लवाद्या अंशाद्या तनुर्लग्नं भवति ॥ ३१ ॥

अत्रोपपत्तिः—इष्टराशिलग्ने इष्टनवांशार्थमनुपातो यदि नवनवांशेषु त्रिंशदंशा लभ्यन्ते तदा गतनवांशेषु किमिति $= \frac{30 \times \text{गतनवांशसं}}{9}$ $= \frac{10 \times \text{गतनवांश}}{3}$ इष्ट लग्नस्य गतांशा। एतदुपरि विंशतिकलासहितमंशत्रयं (३।२०) वर्तमाननवांशो ज्ञेय इति। अन्यत् सुगममेव ॥ ३१ ॥

भा० टी०—यदि चन्द्रमा तुला वा मकर में हो तो वर्गोत्तम (राशि के अपनानवांश) छोड़कर अन्तिम नवांश विवाह मुहूर्त में न देना, तथा चरलग्न में चर नवांश नहीं देना, तथा जिस लग्न में ५ ग्रह इष्ट न हों वह लग्न भी नहीं देना चाहिये। मेषादिक राशियों में क्रम से मेष, मकर, तुला, कर्क इन राशियों से आरम्भ कर नवांश होते हैं। तथा इष्ट नवांश पर से लग्न के अंशादि जानने के लिये—इष्टनवांश से गत नवांश संख्या को १० से गुनाकर ३ का भाग देने से इष्ट लग्न के गतांश होते हैं। अर्थात् उससे आगे ३ अंश, २० कला पर्यंत इष्ट नवांश रहता है ॥३१॥

उदाहरण—जैसे कन्यालग्न में मिथुन का नवांश कितने अंश के बाद होगा यह जानना है तो कन्या में मकर आदिक नवांश होता है इसलिये मकर से मिथुन तक गिनने से ६ हुआ, इसलिये गत नवांश संख्या (वृष तक) ५ हुआ; इसको १० से गुणाकर ५० इसमें ३ का भाग देने से १६।४० लग्न के गतांश हुए, अर्थात् कन्यालग्न में १६।४० अंश के बाद २०।० अंश तक मिथुन का नवांश रहेगा इसलिये लग्न मान राश्यादि ५।१६।४०।० से ऊपर ५।२०।०।० राश्यादि तक रखने से कन्यालग्न में मिथुन का नवांश होगा। इस पर से आगे कहे हुए विधि से इष्टकाल बनाना ॥३१॥

अथ लग्नसप्तमयोः शुद्धिं होरेशांश्चाह —

लग्नांशौ स्वपदृग्युतौ नृमुखदौ वान्योन्यपाद्वीक्षितौ
नाभ्यां सप्तमकौ तथैव युवतेर्नो चेत्तयोर्मृत्युदौ ।
त्रिघ्नेऽक्षांशविलग्नके रविसितेन्द्वार्किजीवासृजो
होरेशा गगनैः फलेऽपि खलजा नेष्टा शुभे मध्यमा ॥३२॥

अथ सफलं जामित्रदोषमाह—

लग्नेन्द्वोः स्मरगे शुभाशुभखगे स्तश्चाधिमृत्यू ततो-
ऽब्जाङ्गोनात्कृतमौर्विकात्खखयमैर्लब्धं यदाब्धीषवः ।
सन्स्विष्टोच्चनिजांशभेऽस्तमखिलं पश्येदरित्र्यायगे
सूर्ये वा खजलाद्यकोणगशुभो वाब्जं प्रपश्येन्न तत् ॥२३॥

स० टी०—लग्नेन्द्वो स्मरगे सप्तमस्थे शुभाशुभखगे क्रमेणाधिमृत्यू स्त', शुभखगे आधि.,पापग्रहे मृत्युरित्यर्थ । ततस्तस्मात् सप्तमस्थग्रहादब्जाङ्गोनात् (चन्द्रसप्तमस्थान चन्द्रोनात्, लग्नसप्तमस्थात् लग्नोनात्) कृतमौर्विकान कृतकलात्मकान खखयमै. शतद्वयेन लब्ध यदाऽब्धीषवश्चतु - पचाशत तदैवाधिमृत्यू नान्यथेत्यर्थ. । अथ तदपवादमाह–सन् शुभग्रहः स्विष्टोच्चनिजाशभे शुभ-मित्रोच्चस्वनवाशराशौ स्थितोऽस्त सप्तमभवनं अखिल पूर्ण पश्येत् तदा तत् जामित्र न स्यात् । वा सूर्ये अरित्र्यायगे षष्ठ तृतीयैकादशस्थे, तन्न स्यात । वा खजलाद्यकोणगशुभोऽब्ज चन्द्रं प्रपश्येत् तदा तत् जामित्र न स्यात ॥२३॥

अत्रोपपत्ति —मिथ पञ्चपञ्चाशन्मितनवाशान्तरितौ लग्नग्रहौ, चन्द्रग्रहौ वान्योन्य सप्तमस्थौ भवतोऽतस्तदन्तरकलाभिरनुपातो यदि शतद्वयकलामितेनैकनवाशमानेनैको नवाशस्तदा लग्नग्रहान्तरकलाभि कि- मित्यागता नवाशसख्या $= \frac{\text{लग्नग्रहान्तरकला}}{२००}$, अत्र लब्धिर्गतनवांशसंख्या सा यदि ५४ मिता तदा वर्तमानवाशस्य ५५ मितत्वात् जामित्रं स्यादेव । अन्यथा षड्भाल्पाधिकान्तरितत्वात् जामित्राभाव इति स्फुटमेव ॥२३॥

भा० टी०—लग्न अथवा चन्द्रमा से सप्तम भवन में शुभ ग्रह हो तो आधि (सन्ताप), पापग्रह हो तो मृत्यु होता है । उस ग्रह में लग्न तथा चन्द्रमा को घटाकर अन्तर की कला में २०० से भाग देकर लब्धि यदि ५४ हो तभी उपरोक्त दोष जामित्र होता है अन्यथा नहीं । दोषभंग कहते हैं—यदि शुभ ग्रह शभके राशि अश मे वा मित्र के रासि अश मे वा स्वोच्च स्वनवाश राशि में होकर सप्तम भवन को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो जामित्रदोष नही होता है अथवा सूर्य (६।३।११) इन स्थान में हो वा शुभग्रह १०।४।१।५।६ इन स्थान में स्थित होकर चन्द्रमा को पूर्ण दृष्टि से देखता हो तो जामित्र दोष नहीं होता है ॥ २३ ॥

दृष्टि से देखते हैं । तथा शेष ग्रह अपने स्थान से ३। १० को एक चरण से, ५। ९ को दो चरण से, ४। ८ को तीन चरण से देखते हैं । तथा समस्त ग्रह सप्तम ७ को पूर्णदृष्टि (चारो चरण) से देखते हैं । गृह १, होरा, २, द्रेष्काण ३, नवांश ४, द्वादशांश ५, त्रिंशांश ६ ये ६ वर्ग हैं । शुभ ग्रह के वर्ग शुभ होता है । दूसरे आचार्यों के मत से मित्र का भी वर्ग शुभ है । अर्थात् पाप और शत्रु के वर्ग अशुभ हैं । जिस लग्न में ४ से कम शुभ वर्ग हो वह अशुभ होता है ॥ ३४ ॥

अथ षड्वर्गज्ञानमाह—

भोक्तं प्राग्गृहमोजभेऽर्कशशिनोर्होरे समेऽब्जार्कयो-
र्द्रक्केट् प्राक्सुतधर्मपो नवलवः प्रोक्तः स्वतोऽर्कांशकः ।
शुक्रज्ञेज्ययमासृजां शरमुनीभार्थेषवो युग्मभे
त्रिंशांशा विषमे त एव गदिता व्यस्ताश्च षड्वर्गकाः ॥३५॥

स० टी०—गृह "भेशा मंशु-चु" इत्यादिना प्राक् पूर्वमेव प्रोक्तम् । ओजभे विषमराशौ 'क्रमात्' अर्कशशिनोर्होरे तथा समे समराशौ अब्जार्कयोश्चन्द्ररव्योर्होरे भवत । प्राक्सुतधर्मप प्रथमपञ्चमनवमेशः द्रक्केट्-द्रेष्काणस्वामी क्रमाद् भवति । नवलवो नवांश प्रोक्त. कथित एव । अर्कांशको द्वादशांश स्वत स्वराशिमारभ्य क्रमाद् द्वादशराशीनां भवति । युग्मभे समराशौ शरमुनीभार्थेषव (५।७।८।५।५ एते) अंशा. क्रमेण शुक्रज्ञेज्ययमासृजां शुक्रबुधगुरुशनिकुजाना त्रिंशाशा भवन्ति, विषमे विषमराशौ त एव गदिता 'ग्रहा अंशाश्च' व्यस्ता विपरीता ज्ञेयाः इति षड् वर्गका प्रोक्ता ॥ ३५ ॥

भा० टी०—जिस ग्रह का जो गृह (राशि) है वह पूर्व कह चुके हैं । विषम राशि में प्रथम १५ अंश तक सूर्य की होरा बाद १६ से ३० अंश तक चन्द्रमा की होरा होती है । सम राशि में प्रथम चन्द्रमा की तब सूर्य की होरा समझना । द्रेष्काण विचार करना हो तो प्रथम द्रेष्काण उसी राशीश का, दूसरा द्रेष्काण उस राशि से पञ्चमेश का, तीसरा उससे नवमेश का द्रेष्काण होता है । नवांश पूर्व ही कह चुके हैं । द्वादशांश उसी राशि से आरंभ कर बारहो राशि के क्रम से होते हैं । सम राशियों में ५, ७, ८, ५, ५, अंश क्रम से शुक्र, बुध, बृहस्पति, शनि, मंगल के त्रिंशांश होते हैं । विषम राशि में

केमिति स्थानयनमुपपन्नं । तथात्र रविलग्नान्तरे रविभोग्यांशा, लग्न भुक्तांशास्तदन्तर्गतराशयश्च । तत्सम्बन्धिकाल एवेष्टकालोऽतस्तेषां योग एवेष्टकाल इति स्फुटमेव । भुक्तभोग्यपलानयनत्वनुपातेन—यदि त्रिंशदंशै-स्तद्राशिनिजोदयमानं तदा पृथक् भोग्यांशैर्भुक्तांशैश्च किमित्युपपन्नं भवतीति दिक् ॥ ३६ ॥

भा० टी०—गत संक्रान्ति काल से इष्ट काल तक के दिनादिक को गत और अग्रिम संक्रान्ति के अन्तर्गत दिनादिक से भाग लेने से राश्यादिक सूर्य समझना, उसमें मेषादि से संक्रान्ति पर्यन्त गत राशि संख्या जोडने से तात्कालिक सूर्य होता है, उसमें तात्कालिक अयनांश जोडना। रात्रिगत इष्टकाल अभीष्ट हो तो सूर्य में ६ राशि जोड देना। फिर सायन सूर्य के भोग्यांश को स्वदेशीय उदयमान से गुनाकर ३० का भाग देकर लब्धि सूर्य के भोग्यकाल पलात्मक होता है। उसमें इसी प्रकार लग्न के भुक्तांश से भुक्तपल साधन करके जोडना और उसमें लग्न रवि के मध्यस्थ राशियों के उदय पल जोडने से पलात्मक इष्टकाल होता है, उसको ६० का भाग देकर घट्यात्मक बना लेना ॥ ३६ ॥

उदाहरण—अग्रहण कृष्ण १३ गुरुवार में ५५।५४ घटीपल पर वृश्चिक की संक्रान्ति हुई। और अग्रहण शुक्ल ५ गुरुवार में उदयकालिक सूर्य बनाना है तो संक्रान्तिकाल से इष्टदिन तक दिनादि ६।४।६ इसको वृश्चिक और धनु के संक्रान्ति के अन्तर दिनादि २९।५६।६ से भाग लेकर लब्धि राश्यादि ०।६।५।५३ इसमें गत राशि तुला तक की संख्या, ७ राशि जोडने से ७।६।५।५३ राश्यादि स्पष्ट सूर्य हुआ ॥ तथा यदि विवाह लग्न २।२८।५५।५९ मिथुन में मिथुन का नवांश इष्ट है तो इष्टकाल जानने के लिये तात्कालिक अयनांश २१।२४।३ को सूर्य में जोडकर ७।२७।२९।५६ इसके भोग्यांश २।३०।४ को वृश्चिक के काशी के उदयमान ३४५ से गुना किया ८६२।५३।० इसमें ३० का भाग देकर लब्ध पल (२८) शेष अर्धाधिक होने के कारण (२९) यह सूर्य का भोग्यकाल हुआ। तथा लग्न २।२८।५५। ५९में अयनांश २१।२४।३ जोडने से ३।१०।२०।२ इसके भुक्तांश १०।२०।२ को कर्क के उदयमान ३४२ से गुना कर ३५३४। ११।२४ इसमें ३० का भाग देकर लब्ध लग्न के भुक्तपल ११८ इसको सूर्य के भोगपल २९ में जोडा १४७ इसमें सायन सूर्य और लग्न के अन्तर्गत राशियों के उदयमान योग १५९४ को जोडने से १७४१ पलात्मक इष्टकाल

से [illegible] को मिलाकर [illegible] में [illegible] उसमें ३० कर [illegible] ॥ ३७ ॥

अथ गोधूलिलग्नं कथयति

गोधूलं षट्जादिके शुभकरं पञ्चाङ्गशुद्धौ रवे-
रर्धास्तात्परपूर्वतोऽर्धघटिकं तत्रेन्दुमष्टारिगम् ।
सोग्राङ्गं कुजमष्टमं गुरुयमाहं पातमर्कक्रमं
जह्याद्विप्रमुखेऽतिसङ्कट इदं सद्यौवनाढ्ये क्वचित् ॥ ३८ ॥

स० टी०—पञ्चाङ्गशुद्धौ (तिथ्यादिकतिथिभादिशुद्धौ) सत्यां रवे सूर्यस्यार्धास्तात् परपूर्वतोऽर्धघटिकं त्रिंशत्पलमितं गोधूलं सायंकालीनलग्नं षट्जादिके शूद्रादिहीनवर्णे शुभकरं भवति। तत्र गोधूललग्ने अष्टमारिगं इन्दुं, सोग्राङ्गं पापसहितलग्नं, अष्टमं कुजं, गुरुयमाहं गुरुशनिदिनं, पातं क्रान्तिसाम्यं, अर्कक्रमं सूर्यसङ्क्रान्तिं, जह्यात् त्यजेत्। अर्थात् अन्ये दोषा अत्र शुभाय भवन्ति। क्वचित् यौवनाढ्येऽतिसङ्कटेऽत्यावश्यके सति विप्रमुखे ब्राह्मणादिवर्णत्रये 'अन्यसुलग्नाभावे' इदं गोधूलं सत् शुभं ज्ञेयम् ॥ ३८ ॥

भा० टी०—अर्धास्त समय से (१५ पल पूर्व और १५ पल पश्चात्) आधी घटी गोधूल लग्न होता है वह तिथ्यादि पञ्चांग शुद्धि रहने पर शूद्रादि हीन वर्णों में शुभकर होता है। उक्त गोधूल लग्न में, अष्टम षष्ठ चन्द्र, पापग्रहयुत लग्न, अष्टम भौम, गुरवार और शनिवार, पात, सूर्य की संक्रान्ति इन सबों को त्याग करना चाहिये। अर्थात् और दोष त्याज्य नहीं है। युवावस्था आदि आवश्यक होने पर कदाचित् अन्य लग्न शुभ नहीं मिलता हो तो ब्राह्मणादि वर्णों में भी गोधूल शुभ कहा गया है ॥ ३८ ॥

अथ विवाहवेदिकां कर्मणामङ्गमुहूर्तञ्चाह—

वेदी प्राक्प्रवणा चतुर्वरकरा हस्तोच्छ्रिताग्र्यस्य दो-
र्जादेर्द्वित्रियुगाङ्गुलैरुपचिता सोक्ता वहिर्वामतः ।
यस्याङ्गं यददोऽङ्गिनो गदितभे कुर्यादिहेन्दोर्बलं
नालोक्यं तु विवाहतस्त्वरिनवाह्नि प्राङ् न कुर्यादिदम् ॥३९॥

स० टी०—बहिर्वामतो गृहाद् बहिर्वामभागे प्राक्प्रवणा पूर्वदिङ्निम्ना चतुर्वरकरा (वरस्य चतुर्भिः करैस्तुल्या समन्तात्) हस्तोच्छ्रि-

दश दिनों में, तथा १६ दिन के बाद १ मास तक विषम दिनों में, १ महीने के बाद ६ मास तक विषम मासों में, ६ मास के बाद पाँच वर्ष तक विषम वर्षों में, ५ वर्ष के बाद इच्छानुसार (विषम समादि का विचार न करके) वैशाख फाल्गुन, मार्गशीर्ष इन मासों में शुक्ल पक्ष में, श्रवण धनिष्ठा तथा त्रिपादोत्तर नक्षत्र, चित्रा अश्विनी पुष्य इन नक्षत्रों में स्थिर लग्नों में रात्रि में प्राचीन गृह में वधूप्रवेश आचार्यों ने कहा है ॥४०॥

अथ प्रथमाषाढादौ भर्त्रादिगृहे वासनिषेधमाह—

उद्वाहात्प्रथमे शुचौ यदि वसेद्भर्तुर्गृहे कन्यका
हन्यात्तज्जननीं क्षये निजतनुं ज्येष्ठे पतिज्येष्ठकम् ।
पौषे च श्वशुरं पतिं च मलिने चैत्रे स्वपित्रालये
तिष्ठन्ती पितरं निहन्ति न भयं तेषामभावे भवेत् ॥४१॥

सं० टी०—उद्वाहात् विवाहात् परं प्रथमे शुचौ आषाढे कन्यका यदि भर्तुर्गृहे वसेत् तदा तज्जननीं पतिमातरं हन्यात् प्रथमे क्षये क्षयमासे निजतनुं स्वशरीरं, प्रथमे ज्येष्ठे, पतिज्येष्ठं प्रथमे पौषे श्वशुरं, प्रथमे मलिनेऽधिमासे च पतिं हन्यादिति सर्वत्रान्वयः । तथा प्रथमे चैत्रे स्वपित्रालये तिष्ठन्ती कन्यका पितरं निहन्ति । तेषामभावे भयं न भवेत् ॥४१॥

भा० टी०—विवाह के बाद प्रथम आषाढ में कन्या यदि स्वामी के घर में रहे तो सास को, प्रथम क्षय मासमें अपने शरीर को, प्रथम ज्येष्ठ में पतिके ज्येष्ठ भाई को, प्रथम पौष में श्वशुर को, प्रथम अधिमास में पति को नाश करती है । तथा प्रथम चैत्र में यदि पिता के घर में रहे तो पिता को नाश करती है । उक्तजनों के अभाव में दोष नहीं होता है ॥४१॥

अथ पुनर्भूविवाहमाह—

शूद्रान्त्येषु पुनर्भुवापरिणयः प्रोक्तो विवाहोक्तभै-
र्नालोक्यं तिथिमासवेधभृगुजेज्यास्तादि तत्रार्कभात् ।
त्रिव्यृक्षेषु मृतिर्धनं मृतिमृती पुत्रा मृतिर्दुर्भगं
श्रीरौन्नत्यमथो धृतीशकृततत्त्वर्क्षेऽत्ययः साभिजित् ॥४२॥

सं० टी०—शूद्रान्त्येषु (शूद्रा, अन्त्या रजकादयस्तेषु) विवाहोक्तभैः पुनर्भुवा परिणयः प्रोक्तः । तत्र तिथिमासवेधभृगुजेज्यास्तादि ना-

नो श्राद्धं क्षयदर्शनित्यकमधीतिं शीतलाम्भस्याप्लुतिं
सीमासिन्ध्वतिपातमेककुलजाः सव्यातिपातं क्वचित् ।
उत्थापावधि मण्डपस्य च शरागाह्ने विषष्ठे समेऽ-
ह्न्युद्वास्यो न गृहोद्वहौ सहजयोस्तुल्या क्रियाऽब्दान्ततः ॥४४

सं० टी० मण्डपस्योत्थापावधि एककुलजा एकगोत्रोद्भवाः क्षयदर्शनित्यकं श्राद्धं, अधीतिमध्ययनं, शीतलाम्भःसु शीतलजलेषु आप्लुतिं मज्जनं, सीमासिन्ध्वतिपातं (सीमा ग्रामप्रान्तं , सिन्धुर्महानदी तयोरतिपातमुल्लङ्घनं) सव्यातिपातं अपसव्यं क्वचित् कदाचिदपि नो कुर्युः। शरागाह्ने पञ्चमसप्तमदिनयोः तथा, विषष्ठे समेऽह्नि षष्ठरहिते समसंख्यकदिने च मण्डपः उद्वास्य उत्थाप्य , अब्दान्ततो वर्षमध्ये गृहोद्वहौ न कर्तव्यौ तथा च सहजयोः सहोदरयोः पुरुषयोः स्त्रियोर्वा वर्षमध्ये तुल्या क्रिया न कर्तव्या ॥ ४४ ॥

भा० टी०—मण्डपोत्थापन पर्यन्त एक कुल के लोग (सपिण्ड) क्षय-श्राद्ध दर्शश्राद्ध, नित्यश्राद्ध, वेदाध्ययन, शीतल जल में स्नान, सीमा और महानदी के उल्लङ्घन, और अपसव्य कदाचित न करे । विवाहादि दिन से पञ्चम सप्तम दिन में तथा षष्ठ छोडकर बाकी सम दिनों में मण्डपोत्थापन करना चाहिये । तथा एक वर्ष के भीतर एक घर में दो के विवाह तथा एक वर्ष मध्य में दो सहोदर के समान क्रिया न करे ॥ ४४ ॥

पुनर्विशेषमाह—

उद्वाहव्रतचूडकेऽब्ददलतत्खण्डं तिलैस्तर्पणं
श्राद्धं पिण्डयुतं महालयगयापित्र्यं विना नाचरेत् ।
पूर्वं सप्तपदीविधेरधिगते दोषे वरे वा मृते
देयाऽन्यत्र विवाहितापि च बलाद्या विद्धयोनिर्न चेत् ॥४५॥

सं० टी०—उद्वाहव्रतचूडके विवाहोपनयनचूडाकरणे क्रमेण अब्द-दल-तत्खण्डं (विवाहे अब्दपर्यन्तं, उपनयने तद्दलं षण्मासपर्यन्तं, चूडाकरणे तत्खण्डं त्रिमासपर्यन्तं) महालयगयापित्र्यं विना (महालयः पितृपक्षः, गया प्रसिद्धा पित्र्यं मातापितृक्षयदिनं तद्विना) तिलैस्तर्पणं, पिण्डयुतं श्राद्धं नाचरेत् न कुर्यात् । पितृपक्षे गयायां मातापित्रोः क्षयदिने तु कुर्यादेवेत्यर्थात् सिद्ध्यति । तथा सप्तपदीविधेः पूर्वं वरे दोषेऽधिगते ज्ञाते

नक्षत्र हो तथा भद्रा (२। [illegible]) तिथि हो जो ऐसे योग में उत्पन्न कन्या विषकन्या कहलाती है। [illegible] शत्रुराशिगत लग्न में हों तो भी विषकन्या होती है ॥ ४६ ॥

अथ विषकन्यायोगान्तरं मूलाद्युत्पत्तिफलं चाह—

एकः क्रूर इहारिभवान्यथ तनौ सौरी रविः पुत्रगो
धर्मस्थो धरणीसुतोऽयमपरो योगोऽपि तज्जा विषा ।
मूलाद्यत्रिपदोद्भवा श्वशुरमान्त्यत्रये तत्स्त्रियं
ज्येष्ठान्त्ये पतिपूर्वजं द्विपचतुर्ये देवरं हन्ति च ॥ ४७ ॥

सं० टी०—अथ एकः क्रूरो रिपुक्षत्रगस्तनुगतश्चेत्तदेहोद्भवापि विषकन्यका स्यात्। अथ च सौरिः शनिः तनौ लग्ने, रविः पुत्रगः पञ्चमभावस्थः, धरणीसुतः कुजो धर्मस्थो नवमभावगस्तदायमपरो योगस्तज्जा तदुद्भवापि विषा विषकन्यका ज्ञेया। तथा मूलाद्यत्रिपदोद्भवा मूलस्य प्रथमचरणत्रयोत्पन्ना श्वशुरं हन्ति। आन्त्यत्रये आश्लेषाया अन्त्यचरणत्रये तत्स्त्रियं श्वश्रूं हन्ति। ज्येष्ठान्त्ये ज्येष्ठाचतुर्थचरणे पतिपूर्वजं हन्ति द्विपचतुर्ये विशाखाचतुर्थचरणे (समुत्पन्ना) देवरं पत्यनुजं हन्ति ॥ ४७ ॥

भा० टी०—एक पाप ग्रह शत्रु राशि में लग्नगत हो तो भी विषकन्या होती है। यदि वा लग्न में शनि, पञ्चम में रवि, नवम में मङ्गल हो तो यह भी विषयोग होता इसमें भी उत्पन्न कन्या विष कन्या कहलाती है। तथा मूल के आदि के ३ चरणों में उत्पन्न कन्या श्वशुर को, आश्लेषा के अन्त्य के ३ चरणों में उत्पन्न कन्या श्वशुर की स्त्री को, ज्येष्ठा के चतुर्थ चरण में उत्पन्न कन्या पति के ज्येष्ठ भाई को और विशाखा के चतुर्थ चरण में उत्पन्न कन्या देवर को नाश करती है ॥ ४७ ॥

अथ सापवाद मूलाद्युद्भवपुरुषस्य फलमाह—

एवं ना युवतेरभाव इह नो दोषो नुरेतत्फलं
मौञ्ज्यूर्ध्वं न वदंति केचिदपि पैत्र्याद्ये फलं मूलवत् ।
नोद्वाहो सहजातयोस्त्र्यृतुषु नोद्वाहाद्व्रतं नो पुमु-
द्वाहात्स्त्र्युद्वहनं न मंगलविधेर्मुंडं त्रिशुभ्येषु न ॥ ४८ ॥

सं० टी०—एवं मूलाद्युत्पन्नो ना पुरुषः युवतेः स्त्रियः 'पित्रादीन् हन्तीति' शेषः। तथा श्वशुरादीनामभावे न दोषः। नुः पुरुषस्य मौञ्ज्यू-

सति वा वरे मृते सति सा कन्याऽन्यत्रान्यस्मै देया। या च बलाद् विवाहिता सापि विद्धयोनिः पुंभुक्ता न चेत् तदाऽन्यस्मै वराय देया ॥ ४५ ॥

भा० टी०—विवाह करने के बाद १ वर्ष, उपनयन के बाद ६ मास, चूडाकरण के बाद ३ मास पर्यन्त, आश्विन पितृपक्ष, गया, माता पिता के क्षय दिन इनसे अतिरिक्त में तिल से तर्पण और पिण्डयुत श्राद्ध न करे। तथा उक्त पद्धी विधि से पहिले वर में कोई दोष समझा जाय अथवा वर मर जाय तो वह कन्या दूसरे वर को दे दी जाय। दोष समझने पर भी बलात्कार विवाह किया जाय तौभी वह कन्या दूसरे गुणी वर को देना अगर उस पुरुष से उपभुक्त न हुई हो ॥ ४५ ॥

विशेषः—वरस्य दोषाः—कारिकानिबन्धे—

"अन्धो मूकः क्रियाहीनश्चापस्मारी नपुंसकः।
दूरस्थः पतितः कुष्ठी दीर्घरोगी वरो न सन् ॥
मूर्खनिर्धनदूरस्थ—शूरमोक्षाभिलाषिणाम् ।
त्रिगुणाधिकवर्षाणां न देया जातु कन्यका ॥

अथ स्त्रीरहितानां विधिं विषकन्यालक्षणं चाह—

अस्त्रीकैः कुशहेमरौप्यरचिता ताम्री च विप्रादिभि-
र्भार्या वा निखिलैः सुवर्णरचिता धर्माय धार्या बुधैः ।
मन्दारार्कदिनेऽम्बुपाग्निफणिभं भद्रातिथिश्चेदिहो-
द्भूता सा विषकन्यकापि तनुगौ सौम्यौ रिपुक्षेत्रगौ ॥४६॥

सं० टी०—अस्त्रीकैः स्त्रीरहितैः, बुधैर्विद्वद्भिर्विप्रादिभिर्वर्णैः क्रमेण कुशहेमरौप्यरचिता ताम्रीचेति, वा निखिलैः सर्ववर्णैः सुवर्णरचिता भार्या धर्माय धार्या। अथ विषकन्यालक्षणमाह—मन्दारार्कदिने शनिमङ्गलार्काणामन्यतमदिने, अम्बुपाग्निफणिभं शततारकाकृत्तिकाश्लेषाणामन्यतमं नक्षत्रं तथा भद्रातिथिः द्वितीयासप्तमीद्वादशीनामन्यतमा चेत् तदेहोद्भूता या सा विषकन्यका ज्ञेया। तथा रिपुक्षेत्रगौ शत्रुराशिगतौ सौम्यौ तनुगौ लग्नगौ तदापि समुद्भूता कन्या विषकन्या ज्ञेया ॥ ४६ ॥

भा० टी०—यदि स्त्री रहित ब्राह्मण हो तो कुश की, क्षत्रिय हो तो सुवर्ण की, वैश्य हो तो रूपे की, शूद्र हो तो ताम्बे की बनी हुई स्त्री धर्मार्थ धारण करे। अथवा सब वर्ण सुवर्ण की बनाई स्त्री धारण कर सकता है।

शनि, मङ्गल, रवि इनमें किसी दिन में शतभिषा वा कृत्तिका वा श्लेषा

नक्षत्र हो तथा मघा (शतभिषा) इनमें कोई तिथि हो तो ऐसे योग में उत्पन्न कन्या विषकन्या कहलाती है । अथवा दो शुभग्रह शत्रुराशिगत लग्न में हों तो भी विषकन्या होती है ॥ ४६ ॥

अथ विषकन्यायोगान्तरं मूलाद्युत्पत्तिफलं चाह—

एकः क्रूर इहोद्भवाप्यथ तनौ सौरी रविः पुत्रगो
धर्मस्थो धरणीसुतोऽयमपरो योगोऽपि तज्जा विषा ।
मूलाद्यत्रिपदोद्भवा श्वशुरमन्त्यत्रये तत्स्त्रियं
ज्येष्ठान्त्ये पतिपूर्वजं द्विपचतुर्थे देवरं हंति च ॥ ४७ ॥

सं० टी०—अथ एक क्रूरो रिपुक्षेत्रगस्तनुगतश्चेत्तदेहोद्भवापि विषकन्यका स्यात् । अथ च सौरि शनि तनौ लग्ने, रवि पुत्रगः पञ्चमभावस्थ , धरणीसुत. कुजो धर्मस्थो नवमभावगस्तदायमपरो योगस्तज्जा तदुद्भवापि विषा विषकन्यका ज्ञेया । तथा मूलाद्यत्रिपदोद्भवा मूलस्य प्रथमचरणत्रयोत्पन्ना श्वशुर हन्ति । अन्त्यत्रये आश्लेषाया अन्त्यचरणत्रये तत्स्त्रिय श्वश्रूं हन्ति । ज्येष्ठान्त्ये ज्येष्ठाचतुर्थचरणे पतिपूर्वजं हन्ति द्विपचतुर्थे विशाखाचतुर्थचरणे (समुत्पन्ना) देवरं पत्यनुजं हन्ति ॥४७।

भा० टी०—एक पाप ग्रह शत्रु राशि में लग्नगत हो तो भी विषकन्या होती है । यदि वा लग्न में शनि, पञ्चम में रवि, नवम में मङ्गल हो तो यह भी विषयोग होता इसमें भी उत्पन्न कन्या विष कन्या कहलाती है । तथा मूल के आदि के ३ चरणों में उत्पन्न कन्या श्वशुर को, आश्लेषा के अन्त्य के ३ चरणों में उत्पन्न कन्या श्वशुर की स्त्री को, ज्येष्ठा के चतुर्थ चरण में उत्पन्न कन्या पति के ज्येष्ठ भाई को और विशाखा के चतुर्थ चरण में उत्पन्न कन्या देवर को नाश करती है ॥ ४७ ॥

अथ सापवाद मूलाद्युद्भवपुरुषस्य फलमाह—

एवं ना युवतेरभाव इह नो दोषो नुरेतत्फलं
मौञ्ज्यूर्ध्वं न वदंति केचिदपि पैत्र्याद्ये फलं मूलवत् ।
नोद्वाहौ सहजातयोस्त्र्यृतुषु नोद्वाहाद्व्रतं नो पुमु-
द्वाहात्स्त्र्युद्वहनं न मंगलविधेर्मुंडं त्रिशुभ्येषु न ॥ ४८ ॥

सं० टी०—एव मूलाद्युत्पन्नो ना पुरुष युवते. स्त्रिय' 'पित्रादीन् हन्तीति' शेष । तथा श्वशुरादीनामभावे न दोष । नुः पुरुषस्य मौञ्ज्यू-

र्ध्वं एतत् फलं नेति केचित् वदन्ति। पैत्र्याद्येपि मूलवत् फलं भवति मघा-
द्यचरणोत्पन्ना श्वशुरं हन्तीत्यर्थः। सहजातयोः त्र्यृतुषु षण्मासाभ्यन्तरे
उद्वाहौ न कार्यौ। तथोद्वाहात् त्र्यृतुषु ऋतुत्रयान्तरे व्रतं मौञ्जीबन्धनं न
कार्यम्। पुमुद्वाहात् पुत्रविवाहात् ऋतुत्रयान्तरे स्त्र्युद्वहनं पुत्रीविवाहो
न। तथा च मङ्गलविधेर्विवाहात् मुण्डं मुण्डनं न कार्यम्। तथैषु त्र्यृतुषु
षण्मासेषु त्रिशुभी न कार्या षण्मासाभ्यन्तरे मङ्गलत्रयं विवाहव्रत-
मुण्डनं) न कार्यमित्यर्थः॥ ४८॥

भा० टी०—इसी प्रकार मूलादि नक्षत्रों में उत्पन्न पुरुष स्त्री के पिता
आदि के नाशकारक होता है। श्वशुर आदि के अभाव में दोष नहीं होता है।
कितने आचार्य मौञ्जीबन्धन के बाद पुरुष के उक्त फल नहीं होता ऐसे कहते
हैं। मघा के आद्यचरण में मूलसदृश फल होता है। ६ महीनें के भीतर दो
सहोदर के विवाह न कराना चाहिये। तथा विवाह से ६ मास के भीतर
सहोदर के उपनयन न करना चाहिये। बालक के विवाह के बाद कन्या का
विवाह तथा एक कुल में विवाह के बाद ६ मास के अभ्यन्तर मुण्डन न कराना,
और ६ मास के भीतर ३ शुभकार्य (विवाह, उपनयन, मुण्डन न करना
चाहिये)॥ ४८॥

अथान्यसिद्धान्तमाह—

नो ज्येष्ठाल्पगु कालरुद्धत ऋते कात्यायनो मुण्डनं
चौलं प्राह न मेखलेत्युभयतः कार्या विवाहादियम्।
भेदेऽब्दस्य च संकटे वितनुयात्पूर्वोदितं मंगलं
वेदाहान्तरिते दिनव्यवहिते नद्या नगेनापि वा॥ ४९॥

म० टी०—ज्येष्ठान् मङ्गलान् विवाहादिकान् षण्मासाभ्यन्तरे काल-
रुद्धतो गर्भाधानादिकान् ऋतेऽन्यत् लघुमङ्गलं न कार्यम्। मुण्डनं चौलं
चूडाकरणमेव स्यात् न मेखलेति कात्यायनः प्राहोवाच। इयं (मेखला)
विवाहात् उभयतः कार्या। सङ्कटेऽत्यावश्यकेऽब्दस्य संवत्सरस्य भेदे भिन्नत्वे
[illegible] मङ्गलं 'षण्मासाभ्यन्तरेऽपि' वितनुयात् कुर्यात। वा वेदा-
[illegible] चतुर्दिवसान्तरितेऽपि कुर्यात। ततोऽप्यावश्यके दिनव्यवहिते
[illegible] [illegible] कुर्यात्। एकदिनेऽपि कर्त्तुमावश्यके नद्यापि वा नगेन
पर्वतेन व्यवहितेऽन्तरिते कुर्यात्॥ ४९॥

भा० टी०—ज्येष्ठ मङ्गल (विवाह व्रतादि) के बाद ६ मास के भीतर

काल से इन् (गर्भाधानादि) से भिन्न लघुमङ्गल न करें अर्थात् जिसके लिये काल नियत है उसे करने में दोष नहीं है। कात्यायन श्रुति मुण्डन को चूडा करण कहता है मौञ्जी नहीं, इसलिये मौञ्जी विवाह से पूर्व या पर भी कर सकता है। आवश्यक में संवत्सर के बदल जाने पर ६ मास के भीतर भी उपरोक्त मङ्गल कर सकता है। इसमें भी आवश्यक हो तो चार दिन के अन्तर करके करें। विशेष आवश्यक में एक दिन का भी अन्तर करके करे। एक दिन में भी नदी या पर्वत के अन्तरित होकर कर सकता है ॥ ४९ ॥

विशे० —ज्येष्ठलघुमङ्गललक्षण सारसमुच्चये—
"चूडावेशान्तसीमन्तविवाहोपनयान् बुधाः।
ज्येष्ठमङ्गलमित्याहुस्तदन्यल्लघु मङ्गलम् ॥
तथाच कात्यायनः—
"मातृयज्ञक्रियापूर्वं ज्येष्ठ कृत्वा तु मङ्गलम्।
ऋतुत्रय पुनर्यावन् न कुर्याल्लघु मङ्गलम्।
लघु वा गुरु वा कार्यं कार्यं नैमित्तिक यदि ॥"

अर्थ—मातृकापूजापूर्वक ज्येष्ठ मङ्गल कार्य के बाद ६ मासपर्यन्त लघु मङ्गल न करे नैमित्तिक हो तो कर सकता है ॥४९॥

एकाहेऽपि जनाश्रयांतर इहेदं तारतम्याद्बुधै-
र्योज्यं नो यमयोर्निषिद्धमनयोरेकत्र कार्यं जगुः।
नैकस्मै दुहितृद्वयं सहजयोर्नैकोद्भवे कन्यके
दद्यादुद्वहनं मिथो न तनुयात्कुर्यादसंपद्यदः ॥ ५० ॥

सं० टी०—एकाहेऽपि संनिहितनदीपर्वताभावे जनाश्रयान्तरे मण्डपान्तरे मङ्गलं वितनुयात् कुर्यात्। इहेद उपरोक्तं बुधैस्तारतम्यात् आवश्यकानुसारात् योज्यम्। तथेदं यमयोर्यमजयोर्नो निषिद्धम्। अनयोः यमलयोः एकत्र एकस्मिन् दिनेऽप्येकमण्डपेपि कार्यं व्रतादिकं मनुयो जगुः। एकस्मै वराय दुहितृद्वयं कन्याद्वयं न दद्यात्, तथा सहजयोर्भ्रात्रोः एकोद्भवे कन्यके द्वे न दद्यात्। मिथ परस्परं उद्वहनमपि न तनुयात्। अदः इदं (एकस्मै दुहितृद्वयमित्यादि निषिद्धमपि) असम्पदि अन्यवधूवरालाभे कुर्यात् ॥५०॥

भा० टी० समीप में नदी पर्वत न रहे तो मण्डपान्तर में एक दिन में

कर सकता है। जैसी आवश्यकता हो उस प्रकार तारतम्य से विज्ञ इसकी योजना करे। ये यमल (दो एक साथ उत्पन्न) के लिये निषेध नहीं है। यमल के एक दिन एक मण्डप में भी मुनियों ने मंगल करना कहा है। एक पुरुष को दो कन्यायें न दे तथा दो सहोदर भाइयों को दो सहोदर कन्यायें न दे। तथा परस्पर (दूसरे की लड़की से अपने लड़के का और अपनी लड़की से उसके लड़के का) विवाह न करे। यदि अन्य वर कन्या न मिले तो उपरोक्त निषिद्ध भी कर सकता है ॥ ५० ॥

अथान्यनिर्णयमाह—

नोद्वाहं सति निश्चयेऽपि जगदुः पित्रोः सपित्रोः स्त्रियाः
सूनोर्भ्रातुरनूढितस्वसुरमूत्क्रांतौ पितृव्यस्य च।
अन्ये स्वान्वयजात्ययेऽपि जनकांबास्त्रीसुतान्यात्यये-
ऽब्दार्धार्धार्धदलांतरे विदधते हेरंबशांत्या क्वचित् ॥ ५१ ॥

सं० टी०—निश्चयेऽपि सति सपित्रोः (स्वस्वपितृभ्यां सहितयोः) पित्रोः (माता च पिता च पितरौ तयोः) जननीजनकयोस्तथा च स्त्रियाः भार्यायाः, सूनोः पुत्रस्य, भ्रातुः, अनूढितस्वसुरविवाहितभगिन्याः, पितृव्यस्य च (एतेषां मध्ये कस्यचित्) असूत्क्रान्तौ प्राणात्यये बुधा उद्वाहं विवाहं न जगदुर्नोचुः। अन्ये आचार्याः स्वान्वयजात्यये स्वकुलजमरणेऽपि विवाहं नोचुः। अथ जनकाम्बास्त्रीसुतान्यात्यये (जनकः पिता, अम्बा माता, स्त्री, सुतः पुत्रः, अन्यः स्वकुलजः, एषामत्यये मरणे) 'क्रमेण' अब्दार्धार्धार्धदलान्तरे बुधा विवाहं न जगदुः, क्वचित् आवश्यके हेरम्बशान्त्या सूतकान्तेऽपि विवाहं विदधते ॥ ५१ ॥

भा० टी०—विवाह के निश्चय हो जाने पर भी पितामही पितामह, माता-[मही], मातामह, माता, पिता, स्त्री पुत्र, भाई, अविवाहित बहिन, चाचा इनमें [से किसी] के मरण होने से मुनियों ने विवाह करना नहीं कहा है। कितने आचार्य [कहते] हैं कि अपने कुल के किसी की भी मृत्यु हो तो विवाह न करे। पिता की [मृत्यु] होने पर १ वर्ष, माता की मृत्यु से ६ मास, स्त्री के मरने पर ३ मास, पुत्र [के] मरने पर १॥ डेढ मास, अन्य किसी के मरने से २३ दिन के भीतर विवाह न करे अर्थात् इसके बाद विवाह करे। आवश्यक में गणेश शान्ति द्वारा सूतक हट जाने पर भी विवाह करना मुनियों ने कहा है ॥ ५१ ॥

अथाशौचापवादमाह—

भ्रातुश्चात्मजवद्भयेऽतिसमये पित्रोर्मृतेः संशये
नान्येषां प्रतिकूलमामयिविरक्तागूढनानामपि ।
आतुर्यान्मृतनृक्रियानभिभवे नान्दीमुखं नाचरे-
न्नोकुर्याज्ज्वरितस्य मङ्गलमतिव्याध्युद्भवे निश्चयम् ॥५२॥

स० टी० भ्रातुरत्यये आत्मजवत् पुत्रमरणवत् सार्धमासानन्तरं विवाहः कार्य इत्यर्थः । भये राजादिभये, अतिसमये समयातिक्रमे, पित्रोः (माता च पिता च पितरौ तयोः) मृतेर्मरणस्य संशये अन्येषां मातापितृभ्यामितरेषां मृतानां प्रतिकूलं (पूर्वोक्तं) नास्ति । तथाऽऽमयिविरक्तागूढगतानां (आमयी दीर्घरोगी, विरक्तो गृहत्यागी, आगूढो दूरस्थितः एतेषां) अपि प्रतिकूलं नास्ति । आतुर्यात् तुर्यश्चतुर्थः पुरुषस्तं मर्यादीकृत्य मृतनृक्रियानभिभवे मृतनरस्य श्राद्धक्रियाभावे नान्दीमुखं नाचरेत् । अतिव्याध्युद्भवे दारुणरोगोत्पत्तौ तु तथा ज्वरितस्य मङ्गलं नो कुर्यात् । निश्चयं न कुर्यात् ॥ ५२ ॥

भा० टी०—भाई के मरने से पुत्र मरनेके समान (डेढ मास अशौच) समझना, बाद उसके मंगल कार्य करना । राज भयादिक में तथा काल के अतिक्रान्त होने पर वा माता पिता की मृत्यु के संशय रहने पर स्वकुल के दूसरे किसी के मरने पर भी उपरोक्त प्रतिबन्धक नहीं है । तथा चिररोगी, गृहत्यागी दूरस्थित के मरने पर भी प्रतिबन्ध नहीं होता । चारपुरुष के बीच में किसी मरे हुए की श्राद्ध क्रिया न हुई हो तो विवाहादिक में नान्दीमुख (आभ्युदयिक श्राद्ध) न करें । तथा जो ज्वरी हो उसका विवाहादि मंगल कार्य न करे । जिसको कोई कठिन रोग हो गया हो उसका तो निश्चय ही न करना चाहिये ॥ ५२ ॥

विशेष स्मृतिसारावल्याम्—

"पितुरब्दान्तमाशौचं तदर्धं मातुरेव च ।
मासत्रयं तु भार्यायास्तदर्धं भ्रातृपुत्रयोः ॥
अन्येषां च सपिण्डानामाशौचं माससम्मितम् ।
तदा तु शान्तिकं कृत्वा ततो लग्नं विधीयते ॥" इति५२॥

अथात्यावश्यके कर्मार्हतामाह—

चेत्स्यात्सूतकमुक्तपूर्वसमयेऽनारब्धकार्ये बुधः
कूष्माण्डीघृतहोमतोऽपि जननाशौचे क्वचित्कारयेत् ।

सिंहेज्ये न शुभं हितं हरिलवोर्ध्वे गौतमीदक्षिणे
जाह्नव्युत्तरतः क्वचिद्धितमजेऽर्केऽन्तोस्त्रभीत्यादिषु ॥ ५३ ॥

सं० टी०—चेत् यदि उक्तपूर्वसमये "आरभेत् पूर्वतो यज्ञोद्वाहन-चौलेत्यादि ४३ श्लोकोक्ते" पूर्वकालेऽनारब्धकार्ये सूतकं स्यात् तदा क्वचिदत्यावश्यके कुष्माण्डीघृतहोमतः (कुष्माण्डीभिः "यद्देवादेवहेड-नमि"त्यादिभिस्तिसृभिर्ऋग्भिर्घृतहोमं कृत्वेत्यर्थः) जननाशौचेऽपि कर्म कारयेत् । सिंहेज्ये सिंहस्थे गुरौ शुभं मङ्गलं हितं न । क्वचित् देशकाल-भयादौ परमावश्यके हरिलवोर्ध्वे सिंहनवांशोर्ध्वे सिंहेज्येऽपि गौतमी-दक्षिणे जाह्नव्युत्तरतो गङ्गाया उत्तरे शुभकर्म हितं स्यात् । तथाऽ-स्त्रभीत्यादिषु रजोभयादिषु समुपस्थितेषु अन्तः (गौतमीजाह्नव्योर्म-ध्येऽपि) अजेऽर्के मेषस्थे रवौ शुभं कर्म हितं भवति ॥ ५३ ॥

भा० टी० इसी प्रकरण के ४३ श्लोक में पूर्व कार्य आरम्भ का समय कहा गया है उसमें कार्य नहीं आरम्भ होने पर यदि अशौच प्राप्त हो जाय तो आवश्यक में जन्माशौच में भी शास्त्रोक्त "कुष्माण्डीघृत होम" करके कार्य आरम्भ करना चाहिये । सिंहस्थ बृहस्पति में शुभ कार्य हित नहीं है । आवश्यक में गौतमी नदी के दक्षिण और गङ्गा के उत्तर देश में सिंह में भी सिंह के नवांश के (१९ अंश २० कला के) ऊपर बृहस्पति हो तो शुभ होता है । तथा गौतमी (गोदावरी) और गंगा के बीच के देश में रजोभय आदि आवश्यक होने पर मेष के सूर्य में सिंहस्थ बृहस्पति में भी शुभकार्य हित कहा गया है ॥ ५३ ॥

अथ केषु कर्मसु नामराशिः केषु जन्मराशिर्ग्राह्य इत्याह—

देशग्रामगृहद्वयव्यवहृतिद्यूतेषु दाने मनौ
सेवाकाकिणिवर्गमन्त्रपुनर्भूमेलके नामभम् ।
जन्मर्क्षं परतो वधूपुरुषयोर्जन्मर्क्षमेकस्य चे-
ज्ज्ञातं शुद्धिमितो विलोक्य च तयोर्नामर्क्षयोर्मेलकः ॥ ५४ ॥

सं० टी०—देशग्रामगृहद्वयव्यवहृतिद्यूतेषु (देशे ग्रामे गृहे च ... द्वयोः गृहवतारावलोकनार्थं व्यवहृतौ व्यवहारे, द्यूतेऽ-पि च) दाने तुलादानादौ चन्द्रबलार्थं, मनौ मन्त्रग्रहणे तथा सेवा-काकिणिवर्गमन्त्रपुनर्भूमेलके (सेवायां, काकिण्यां, वर्गे वर्गशुद्धौ, मन्त्रे मन्त्रग्रहणे, पुनर्भूमेलके च) नामभं ग्राह्यम् । परतः 'अन्योन्यकर्मसु' वधू-पुरुषयोः जन्मर्क्षं ग्राह्यम् । चेद् यदि वधूपुरुषयोर्मध्ये एकस्यैव जन्मर्क्षं

ज्ञातं [illegible] जन्मराशि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] [illegible] जन्मराशिज्ञाने
नामराशिं [illegible] [illegible] ॥५४॥

भा० टी० देशप्रवेश, ग्रामप्रवेश, गृहप्रवेश, [illegible], व्यवहार, युद्ध, [illegible], मन्त्रग्रहण, राजसेवा वाणिज्यविचार, वर्णशुद्धि, [illegible] और पुनर्विवाह के मेलापक इन सब कर्मों में नामराशि ग्रहण करना चाहिये। तथा इनसे भिन्न कर्मों में जन्मराशि ग्रहण करें। यदि वर कन्या में किसी एक की जन्मराशि ज्ञात हो एक की नहीं तो ज्ञात जन्मराशि से गृहशुद्धि आदि देखकर वर्णवश्यादि मेलापक दोनों के नाम राशि से ही करना ॥ ५४ ॥

तथाचोक्तं शार्ङ्गधरे—

"विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम् ।
नामभाच्चिन्तयेत् सर्वमज्ञातं जन्मभं यदा ॥" इति॥

अथाज्ञातजन्मनक्षत्रस्य नामाद्यक्षरान्नक्षत्रज्ञानमाह—

भं नामादिमवर्णतोऽवकहडाद्युज्यादिवर्णाद्विवौ
तुल्यावत्र सशौ खपौ यदभिधा बह्वयोऽस्य नामान्तिमम् ।
आर्या न्युद्वहने जनुर्भममलं पट्टस्य बन्धे जगु-
र्गेहग्रामनृपाभिषेककृषिमौञ्ज्यन्नाशने भूषणे ॥५५॥

स० टी० नामादिमवर्णतो नामाद्यक्षरात्, अवकहडात् "चू चे चोला देप्वाद्य" इत्यादिशतपदचक्रात् भं नक्षत्रं ज्ञेयम् । तथा युजि संयुक्ताक्षरे आद्यवर्णात् प्रथमाक्षरात् ज्ञेयम् । अत्र व बौ, सशौ, खपौ इति तुल्यौ ज्ञेयौ यदभिधा बह्वयो यस्य बहूनि नामानि भवन्ति अस्यान्तिमं नाम ग्राह्यम् । आर्या ऋषयो न्युद्वहने पुरुषविवाहे, पट्टस्य बन्धे तथा गेहग्रामनृपाभिषेककृषिमौञ्ज्यन्नाशने भूषणेऽलंकरणधारणे च जनुर्भं जन्मनक्षत्रं अमलं शुभं जगु. ॥ ५५ ॥

भा० टी०—नाम के प्रथम अक्षर से "चूचेचोला अश्विनी" इत्यादि अवकहडा चक्र से नक्षत्र और राशि समझना। यदि नाम के आदि में संयुक्त अक्षर हो तो उसमें भी प्रथम अक्षर से नक्षत्र लेना चाहिये। तथा नाम के आदि अक्षर से नक्षत्र जानने में बव सश, खप, ये दो दो अक्षर समान समझना। जिसके बहुत नाम हों उसका अन्तिम नाम ग्रहण करना चाहिए। पुरुष के विवाह में, पट्टबन्धन में, तथा गृहप्रवेश, ग्रामप्रवेश, राजाभिषेक, कृषिकर्म,

मौञ्जीबन्धन, अन्नप्राशन और भूषणधारण इन कर्मों में मुनियों ने जन्मनक्षत्र को शुभ कहा है। अर्थात् जन्म नक्षत्र में ये कर्म सब शुभ होते हैं ॥५५॥

उदाहरण—अवकहडाचक्र के अनुसार सर्वलाल और शशधर दोनों का शत भिषा नक्षत्र के दूसरा चरण और कुम्भराशि हुआ। इसी प्रकार वसुदेव और वसुदेव दोनों का रोहिणी के द्वितीयचरण। तथा सन्तर और षडानन दोनों का अभिजित् का चतुर्थचरण हुआ।

यद्यपि हस्तनक्षत्र के द्वितीय चरण में 'ष' का पाठ है तथापि षकार के स्थान खकारवत् उच्चारण होने के कारण तुल्य कहा गया है। तथा प्रद्युम्न, प्रियनाथ इत्यादि संयुक्ताक्षर में क्रम से प, पि इत्यादि प्रथम वर्ण का ही ग्रहण करना चाहिये ॥ ५५ ॥

इति प्रभासमाख्यसंस्कृतभाषाव्याख्यायां विवाहप्रकरणम् ॥ ४ ॥

अथाग्न्याधानप्रकरणम् ५

तत्राग्न्याधानसमयशुद्धिमाह—

अग्न्याधानमवादि दारसमये दायाद्यकाले परै-
र्द्वीशाग्निध्रुवशाक्रपुष्यमृगपौष्णाव्यब्जलग्नांशयोः ।
जीवेन्द्वर्ककुजैः सुतद्विनवकेन्द्रस्थैरनस्तङ्गतैः
स्वोच्चेष्वङ्गगतैः परैरुपचये वित्ताद्यशुद्धौ बुधैः ॥ १ ॥

सं० टी०—वह्निर्बुधैः. दारसमये विवाहचतुर्थीकर्मानन्तरं परैरन्याधानं दायाद्यकाले धनविभागसमये द्वीशाग्निध्रुवशाक्रपुष्यमृगपौष्णैर्नक्षत्रैः, व्यब्जलग्नांशयोः. (विगता अब्जा जलचरराशयो याभ्यां तयोर्लग्नांशयोः) मकरान्त्यार्धकुम्भमीनकर्कवर्जितलग्नांशयोरित्यर्थः जीवेन्द्वर्ककुजैः सुतद्विनवकेन्द्रस्थैः. लग्नात् त्रिकोणोपचयकेन्द्रस्थैः. तथा चानस्तङ्गतैरदर्शनैरित्यर्थः., तथा स्वोच्चेष्वङ्गगतैः स्वराशिस्थांश[illegible] तथा परैर्बुधशनिभिः, उपचये. त्रिषडेकादशस्थानस्थैः, तथा [illegible] द्वितीयस्थानस्थग्रहाभावे बुधैः पण्डितैरग्न्याधानमभि[illegible] ॥ १ ॥

भा० टी०—चतुर्थी कर्म के अनन्तर दारसमय कहलाता है, उस समय में तथा धन बन्धुओं के संग में धन विभाग करने के समय में विशाखा, कृत्तिका,

[illegible] संज्ञा ग्रन्थ, कर्पासादि, [illegible] इन नक्षत्रों में [illegible] राशि (मकरो-[illegible], [illegible], मीन, [illegible]) [illegible] और [illegible] दुर्गति, [illegible] [illegible] (५, ६, १, १०, ११, ४, १, ५, ७, १०,) इन स्थानों में [illegible] और [illegible] [illegible] राशि में हों, और [illegible], [illegible] (६, ६, १०, ११,) में हों तथा [illegible] और द्वितीय भाव शुद्ध ([illegible]) हो तो [illegible] का आरम्भ करना शुभ है ॥ १ ॥

इति [illegible]प्रकरणम् ॥ ५ ॥

अथ गृहप्रकरणम् ६

तत्रादौ ग्रामस्य शुभाशुभत्वमाह—

नामर्क्षाद्द्विसुतांकदिग्भवगतो ग्रामः शुभोऽन्योऽन्यथा
तत्कोणेऽन्त्यभुवां शुभं निवसतां दोषाः परेषामलम् ।
कन्याकर्किधनुस्तुलाक्रियघटाः कौर्प्यण्डजो याम्यतो
मध्येऽन्ये न वसत्यथैन्द्रककुभो वर्गाः स्युरोजस्विनः ॥१॥

स० टी०- नामर्क्षात् नामराशेः द्विसुताङ्कदिग्भवगतो ग्रामः शुभः स्यात् । अन्य उक्तसंख्यान्यराशिको ग्रामोऽन्यथाऽशुभः स्यादित्यर्थः । तत्कोणे ग्रामस्य कोणेऽन्त्यभुवां रजकादीनां निवसतां शुभं भवति । परेषां अन्यवर्णानां अलमत्यर्थं दोषा भवन्ति । तथा याम्यतो दक्षिणदिशमारभ्याष्टदिक्षु क्रमेण कन्याकर्किधनुस्तुलाक्रियघटा कौर्प्यण्डजः (कौर्पी वृश्चिक, अण्डजो मीनः, एते न वसन्ति, तथान्ये (वृषमिथुनसिंहमकरा) मध्ये ग्राममध्यभागे न वसन्ति । अथ इन्द्रिककुभः पूर्वदिशः सकाशात् क्रमेण अप्रमुखा (अ-कच-टतपयशा इति) अष्टौ वर्गा ओजस्विनो बलिनो भवन्ति, कथं भूताः स्वपञ्चमपरा स्वस्मात् पञ्चमः परः शत्रुर्येषां ते तथोक्ता इत्यग्रिमश्लोकेनान्वयः ॥ १ ॥

भा० टी०—नामराशि से ग्रामराशि संख्या २,५,९,१०,११ हो तो वह ग्राम वसने में शुभ होता है । इससे भिन्न अशुभ होता है । तथा ग्राम के कोण में अन्त्यज (धोबी चमार आदि) के वास करने से शुभ, तथा ब्राह्मणादि वर्णों के लिये कोण में वास करना अशुभ होता है । तथा ग्राम के दक्षिण भाग में कन्या राशिवाले नैर्ऋतिकोण में कर्कराशि, पश्चिम में धनुराशि, वायुकोण में तुला,

उत्तर में मेषराशि, ईशानकोण में कुम्भराशि, पूर्व में वृश्चिकराशि तथा अग्निकोण में मीनराशि. तथा शेष राशि वाले ग्राम के मध्य भाग में वास न करे। तथा अपने से पञ्चम में परस्पर शत्रुता है जिनमें ऐसे अवर्गादि आठो वर्ग क्रम से पूर्वादि दिशा में बली होते हैं ॥ १ ॥

वि०—जिस दिशा में जो वर्ग बली है उस दिशा में उस वर्गवाले को वास करना चाहिये, तथा शत्रुवर्ग की दिशा में वास न करना। जैसे—अवर्ग पूर्व दिशा में बली है तथा उससे पञ्चम तवर्ग उसका शत्रु पश्चिम में बली है इसलिये अवर्गवाले के लिये पूर्व भाग में वास करना शुभ और पश्चिम में अशुभ है। इसी प्रकार सब में समझना ॥ १ ॥

अथ काकिणीविचारं वर्णपरत्वेन भूमिवर्णादिकमाह—

अष्टावमुखाः स्वपंचमपरा द्विघ्नः स्ववर्गोऽन्ययुक्
तष्टः काकिणिका गजैर्मिथ इमा यस्याधिकाः सोऽर्थदः।
श्वेतारक्तकपीतकृष्णवसुधाः स्वादुः कटुस्तिक्तकाः
काषायाघृतशोणितान्नमदिरागंधाः शुभा विप्रतः ॥२॥

सं० टी०—"स्वपञ्चमपरा." इत्यन्तं पूर्वश्लोके व्याख्यातम्। अथ काकिणीविचारे द्विघ्न इति—मिथः स्ववर्गो द्विघ्नो द्विगुणितोऽन्ययुक् अन्यवर्गेण युक्तः (एतदुक्तं भवति—वास्तुकर्तृवर्गः द्विघ्नो ग्रामवर्गेण युतस्तथा ग्रामवर्गो द्विघ्नो वास्तुकर्तृवर्गयुतः) गजैरष्टभिस्तष्टः काकिणिका भवन्ति, इमा यस्याधिकाः सोऽर्थदो धनप्रदो भवति। अथ विप्रतः ब्राह्मणमारभ्य वर्णानां क्रमेण श्वेतारक्तकपीतकृष्णवसुधाः शुभा भवन्ति, तथा स्वादुर्मधुररसा, कटुर्मरीचरसा, तिक्तका निम्बरसा, काषाया हरीतकीरसा वसुधा ब्राह्मणादीनां क्रमेण शुभा ज्ञेया। तथा च विप्रतः क्रमेण घृतशोणितान्नमदिरागन्धा वसुधा शुभा भवन्ति ॥ २ ॥

काकिणीसाधनोपपत्तिः—तत्र प्राचीन वाक्यम्

"साध्यवर्गं पुरः स्थाप्य पृष्ठतः साधकं न्यसेत्।
विभजेदष्टभिः शेषं काकिणी साधकस्य सा ॥"

यस्य काकिणी साध्यते स साधकस्तदन्यः साध्यः। साध्यवर्ग (साध्यवर्गसंख्यां) पुरः (एकस्थानीयाङ्कस्थाने) संस्थाप्य, साधकं (साधकवर्गसंख्यां) पृष्ठतो (दशस्थानीयाङ्कस्थाने) न्यसेत् एवं कृते या संख्या समुत्पन्ना सा दशगुणसाधकवर्गसंख्यायुतसाध्य-

वर्गसंख्यायामां भवति । अत्र साधककर्तृ नाम्नि स्थिताकाकिणी $= \frac{१०\times साधकवर्गाङ्क + साध्यवर्गाङ्क}{८}$ अत्र तन्त्रे. प्रयोजनाभावात् शेषस्यैव ग्रहणात् भाज्यो इत्यस्य नष्टः $= \frac{२\times साधकवर्गाङ्क + साध्यवर्गाङ्क}{८}$ शेषसमा काकिणी स्यादित्युपपन्नम् ॥ २ ॥

वि०—काकिणीविषयेऽर्थप्रदत्वात् वास्तुकर्तृकाकिणीतो ग्रामकाकिण्यधिका शुभा स्यादन्यथा नेष्टप्रदेति व्यवहरन्ति नवीनाः । तन्नारदादिमहर्षिवाक्यविरोधान्न युक्तिमदिति विवेचनीयं विपश्चिद्भिः । यथा च नारदादिवाक्यम्—

"साध्यवर्गं पुरः स्थाप्य साधकं पृष्ठतो न्यसेत् ।
विभजेदष्टभिः शेषं साधकस्य धनं स्मृतम् ॥
व्यत्ययेनागतं शेषं साधकस्य ऋणं स्मृतम् ।
धनाधिकं स्वल्पमृणं सर्वसम्पत्प्रदं स्मृतम् ॥"

अत्र धनमिति काकिणीपर्यायः ॥ २ ॥

भा० टी०—वास्तुकर्ता और ग्राम दोनों की अपनी अपनी अवर्गादि संख्या को २ से गुनाकर परस्पर वर्गसंख्या जोड़कर आठ का भाग देने से अपनी अपनी काकिणी होती है । दोनों में जिनकी काकिणी अधिक हो वह धन देने वाला होता है । इसलिये ग्राम की काकिणी अधिक होने से शुभ समझना ।

श्वेतवर्ण पृथ्वी ब्राह्मण के, रक्त वर्ण क्षत्रिय के, पीतवर्ण वैश्य के तथा कृष्णवर्ण पृथ्वी शूद्र के वसने योग्य होती है । इसी प्रकार मधुर स्वादवाली पृथ्वी ब्राह्मण के, कड़ुआ (मिर्च) के स्वादवाली क्षत्रिय के, तिक्त (निंबके) स्वाद वाली वैश्य के और कसैला (हरीतकी के) स्वादवाली शूद्र के शुभ होती है । तथा घृतसदृश सुगन्धवाली पृथ्वी ब्राह्मण के, शोणित गन्धवाली क्षत्रिय के, अन्न सदृश गन्धवाली वैश्य के और मदिरा सदृश गन्धवाली पृथ्वी शूद्र के बसने योग्य है ॥ २ ॥

उदाहरण—विचार करना है कि 'शिवशङ्कर चौधरी' के लिये 'जरिसो' मौजे कैसा है तो—शिवशङ्कर की वर्ग सख्या ८ को दूना किया १६ इसमें जरिसो की वर्ग सख्या ३ जोड़कर ८ का भाग देने से ३ शेष बचा यह शिवशङ्कर चौधरी की काकिणी हुई । तथा जरिसो की वर्ग संख्या ३ को २ से गुना किया ६ इसमें नाम (शिवशङ्कर) की वर्ग सख्या ८ जोड़ने से १४ फिर इसमें ८ का भाग देकर शेष ६ ग्राम (जरिसो) की काकिणी हुई । यहाँ नाम

निवसेत् ॥ [illegible] पूर्वस्यां दिशि [illegible] । [illegible] नरशल्यं [illegible] । [illegible] [illegible] ॥ [illegible] मानुष-[illegible] । [illegible] दिशि च प्रश्ने [illegible] । [illegible] र्दंसैर निवर्तते । याम्यायां दिशि च: प्रश्ने [illegible] । नर-शल्यं गृहस्वामि मरणं चिरकालतः ॥ नैऋत्यां दिशि ट प्रश्ने सार्धहस्ता-दधःस्थितं । शुनोऽस्थि जायते तत्र बालानां जन्मनाशनम् ॥ त प्रश्ने पश्चिमायां तु शिशोः शल्यं प्रजायते । सार्धहस्ते गृहस्वामी न तिष्ठति सदा गृहे ॥ वायव्यां दिशि प. प्रश्ने तुषांगारचतुःकरे । कुर्वन्ति मित्रनाशं च दुःस्वप्नदर्शनं सदा ॥ उदीच्यां दिशि य प्रश्ने विप्रशल्यं कटेरध । तच्छीघ्र निर्धनत्वाय कुबेरसदृशस्य हि ॥ ईशान्या दिशि श' प्रश्ने गोशल्यं सार्ध-हस्ततः । तद्गोधनस्य नाशाय जायते गृहमेधिनः ॥ हपया मध्यमे कोष्ठे वक्षोमात्रे भवेदधः । नृकपालमथो भस्म लोहं तत्कुलनाशकृदिति ॥३॥

भा० टी०—उत्तरप्लव (उत्तर दिशा में झुकी) भूमि में ब्राह्मण, पूर्वप्लव भूमि में क्षत्रिय, दक्षिणप्लव भूमि में वैश्य तथा पश्चिमप्लव में शूद्र गृह बनावें, वा ब्राह्मण सर्वदिशाप्लव में घर बनावें, दूसरे वर्ण के लिये नियम नहीं है। अथवा जिस स्थान में हृदय प्रसन्न हो उस स्थान में सब वर्ण घर बनावे तो शुभ है।

शल्य समझने के लिये प्रश्न करनेवाले के मुख से प्रथम अक्षर अकार उच्चारण हो तो पूर्वभाग में, ककार उच्चारण हो तो अग्निकोण में, च उच्चारण हो तो दक्षिण में, ट उच्चारण हो तो नैऋतिकोण में, त उच्चारण हो तो पश्चिम में, प' उच्चारण हो तो वायुकोन में, य उच्चारण हो तो उत्तर में, 'श' उच्चा रण हो तो ईशानकोन में तथा ह, प, य इन अक्षरों के प्रथम उच्चारण से मध्यभाग में भी शल्य कहना। अर्थात् अन्य अक्षरों के उच्चारण हो तो शल्य का अभाव समझना ॥३॥

शल्यज्ञानार्थवर्गचक्रम्

पू०

	श	अ	क	
उ०	य	ह प य	च	द०
	प	त	ट	

प०

अथ स्थानस्य शुभाशुभत्वमाह—

श्वभ्रं हस्तमितं खनेदिह जलं पूर्णं निशास्ये न्यसे-
त्प्रातर्दृष्टजलं स्थलं सदजलं मध्यं त्वसत्स्फाटितम् ।
ज्ञात्वैवं निखनेद्गृहाधिकभुवं नत्वा जलान्तं स्तरो
यावद्वा पुरुषस्ततः कपिशिरस्तुल्याश्मभिः पूरयेत् ॥ ४ ॥

सं० टी०- 'यत्र गृहं कर्त्तव्यं तत्र स्थाने' हस्तमितं श्वभ्रं स्थानं खनेत् इहास्मिन् निशास्ये सायंसमये पूर्णं जलं न्यसेत् तत् प्रातर्दृष्टजलं चेत् तदा स्थलं स्थानं सत् शुभं, यदि अजलं तदा मध्यं, यदि स्फाटितं तदा असदशुभं स्थानं ज्ञेयम् । एवं ज्ञात्वा शुभस्थाने गृहाधिकभुवं गृहप्रमाणादधिकां भूमिं जलान्तं जलपर्यन्तं, वा स्तरो यावत्तावत्, वा यावत्पुरुषस्तावन्मितं (दशवितस्ति पुरुषस्तन्मितं) खनेत् किं कृत्वा भुवं नत्वा प्रणम्य । ततः कपिशिरस्तुल्याश्मभिः वानरमस्तकप्रमाणपाषाणखण्डैः तत् खातं पूरयेत् ॥ ४ ॥

भा० टी०- स्थान के शुभाशुभ समझने के लिये वास्तुभूमि में एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा एक हाथ गहिरा खात बनाकर उसको सूर्य के अर्द्ध बिम्बास्त समय में जल से पूर्ण करें यदि प्रातःकाल तक जल अवशिष्ट रहे तो स्थान को शुभ समझना, यदि जल न रहे तो मध्यम समझना यदि खात फट जाय तो अशुभ समझना । इस प्रकार भूमि शोधन करके शुभ स्थान में भूमि को प्रणाम करके घर के प्रमाण से कुछ अधिक भूमि को जलपर्यन्त, वा स्तर (दूसरे प्रकार की मिट्टी) पर्यन्त वा पुरुषप्रमाण (१० वित्ता) पर्यन्त खोदकर फिर उसको बन्दर के मस्तक तुल्य पत्थल आदि के टुकड़े से भरे ॥ ४ ॥

विशेष.—"खन्यमाने यदा क्षेत्रे पाषाणः प्राप्यते तदा ।
धनायुर्वृद्धिरेतस्य स्यादिष्टिकासु धनागमः ॥
कपालाङ्गारकेशाद्यैः व्याधिना पीडितो भवेत् ।"
कल्पार्णवम् ॥ ४ ॥

अथ दिक्साधनं प्रकारान्तरेणाह

प्राक् साध्योऽर्जयतोऽस्तकालपरदिशि स्यान्द्रानिलाद्यन्तग-
न्यास्येन्नोऽन्यूदयादुदग्ग्रभुजयाऽदिक् पृथक् स्यात्ततः ।
नेष्टं सायनभास्करोन्नतपापांशु मृद्रानिलैः
सार्द्धैकैर्दलमूर्ध्वं स्थिरतरं कुर्यान्मृदन्ताऽप्यं ॥ ५ ॥

सं० टी०—[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]-
[illegible] प्राक् पूर्वदिक् साध्या। [illegible]-
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] प्राक् पूर्वदिक् साध्या। [illegible] [illegible] [illegible]
साध्या। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] स्यात्। माधव-
पौषफाल्गुनश्रावणमार्गेषु मासेषु [illegible] [illegible] ध्रुवसंज्ञैर्नक्षत्रैः, स्थिर-
लग्ने स्थिरलग्ने [illegible] (शुद्धकेन्द्राष्टमं च यस्मिन् तस्मिन् लग्ने)
गेहं गृहारम्भं कुर्यात् ॥ ५ ॥

भा० टी०—उज्जयिनी से दक्षिण के देश में चित्रा और स्वाती नक्षत्र के मध्य से पूर्व दिशा का ज्ञान करे। तथा उज्जयिनी से उत्तर दिशा में कृत्तिका नक्षत्र के उदय से पूर्व दिशा का ज्ञान करे। तथा ध्रुवताराभिमुख होकर उत्तर दिशा का ज्ञान करे। इस प्रकार दिक्साधन करके गृह बनावे। दिशा के ज्ञान बिना घर बनाने से मरण होता है। वैशाख, पौष, फाल्गुन, श्रावण, मार्गशीर्ष इन मासों में मृदुसंज्ञक, स्वाती, शतभिषा हस्त, धनिष्ठा और ध्रुवसंज्ञक नक्षत्रों में, स्थिरलग्न में, लग्न से केन्द्र और अष्टम स्थान शुद्ध हो तो गृहारम्भ करे ॥ ५ ॥

दिक्साधनाविधि—जैसे उज्जयिनी से दक्षिण में 'अ' स्थान से दिक्साधन करना है तो रात्रि में चित्रानक्षत्र के बिम्बोदय होने पर नलिका से वेध करके नलिकाग्र से लम्बसूत्र समानभूमि पर गिराया तो 'क' बिन्दु में पतित हुआ वहाँ चिह्न किया, फिर इसी प्रकार स्वाती के उदय होने पर जितने उन्नतांश पर चित्रा का वेध किया उतने ही उन्नतांश पर स्वाती को वेधकर नलिकाग्र से लम्बसूत्र 'ख' बिन्दु में पतित हुआ वहाँ चिह्न करके दोनों चिह्न के मध्यस्थान 'ग' बिन्दु पूर्वदिशा हुई। तथा उज्जयिनी से उत्तरभाग में 'च' बिन्दु से पूर्व-दिशा का ज्ञान करना है तो रात्रि में कृत्तिका नक्षत्र उदय होनेपर वेध करके लम्बसूत्र 'छ' बिन्दु में पतित हुआ वहाँ चिह्न कर दिया वही पूर्वदिशा हुई। उत्तरदिशा का ज्ञान ध्रुवतारा को नलिका से वेधकर नलिकाग्र से लम्बसूत्र जहाँ पतित हो वही उत्तर दिशा समझना। क्योंकि 'ध्रुव सर्वस्थान से उत्तर में है ॥५॥

छ	ख—ग—क
|	|
च	अ

अथ विहितनक्षत्रेष्वपि विशेषं वृषवास्तुचक्रं चाह—

नो पृष्ठाग्रविधौ न रिक्तकतिथौ नार्कारवारांशयो-
रुक्तर्क्षेष्वपि कुम्भमीनगविधौ स्तम्भोच्छ्रितिं नाचरेत् ।
तुर्यात्पञ्चदशात्त्रिदृक्परिमिताद्वेदाब्धिपञ्च क्रमा-
न्निन्द्यान्यर्कयुतादि गेहकरणे भानि प्रवेशेऽपि च ॥६॥

सं० टी०—पृष्ठाग्रविधौ (पूर्वादिषु दिक्षु क्रमेण कृत्तिकादीनि सप्त सप्त नक्षत्राणि कथितानि तदनुसारमिष्टनक्षत्रं यद्दिग्गतं स्यात्तद्दिङ्मुखे गृहेऽग्रविधु, तद्विरुद्धमुखे पृष्ठविधुस्तस्मिन् सति) गेहं नो कुर्यात् । रिक्तकतिथौ च गेहं न कुर्यात् । तथाऽर्कारवारांशयोश्च न कुर्यात् । तथा उक्तर्क्षेष्वपि विहितनक्षत्रेष्वपि कुम्भमीनगविधौ स्तम्भोच्छ्रितिं नाचरेत् अर्थात् तृणदारुगृहारम्भं न कुर्यात् । शिलान्यासादिकं तु कुर्यादेवेति । अथ वृषवास्तुचक्रमाह-अर्कयुतादि सूर्याक्रान्तनक्षत्रादि तुर्यात् चतुर्थात्, पञ्चदशात्, त्रिदृक्परिमितात् त्रयोविंशात् क्रमात् वेदाऽब्धिपञ्च भानि गेहकरणे प्रवेशेऽपि च निन्द्यानि भवन्ति ॥६॥

भा० टी०—[सप्तशलाका चक्रानुसार कृत्तिकादि ७।७ नक्षत्र पूर्वादि दिशाओं में पड़ते हैं, उस हिसाब से इष्ट (गृहारम्भ) नक्षत्र जिस दिशा में हो उस दिशा में संमुख, उससे विरुद्ध दिशा में पृष्ठस्थ विधु होते हैं] उक्त नक्षत्र में भी पृष्ठाग्रविधु रहने पर गृहारम्भ न करें, तथा रिक्तातिथि में भी न करें । और रविमंगल के दिन तथा नवांश में गृहारम्भ न करें । तथा विहित नक्षत्र में भी कुम्भमीनस्थ चन्द्रमा हो तो स्तम्भारोपण न करें । अर्थात् तृणकाष्ठ गृहारम्भ न करें । सूत्रशिलान्यास आदि करें । तथा सूर्यनक्षत्रादि चतुर्थनक्षत्र से ४ नक्षत्र, तथा पन्द्रहवें से ४ और २३वें से पाँच नक्षत्र गृहारम्भ और प्रवेश में निन्द्य हैं ॥ ६ ॥

टि०—चक्रे सप्तशलाकाख्ये कृत्तिकादीनि विन्यसेत् ।
कृत्तं चन्द्रस्य सम्मोत्र पुर पृष्ठे च नो शुभम् ॥ सारार्थमिति ॥१॥

अथ चतुर्विधं द्वारप्राशस्त्यमाह—

गेहे भाद्रपदात्त्रिषु त्रिषु मुखः प्रागादिशीर्षोऽत्र हि
प्रोक्तं सद्वदनं न गोऽल्यमकरेष्वर्के यमादङ्मुखम् ।

द्रोणिग.कुलीरनेत्रगतयो पूर्वापरास्यं गृहं
नान्यस्थे भुजकोटिघात इभहस्त्रेर्षं स्युरायाः क्रमात् ॥७॥

सं० टी० सर्वो वास्तुपुरुष भाद्रपदात् त्रिषु त्रिषु मासेषु क्रमेण प्रागादिशीर्षं शेते । तत्र शीर्षदिशि गृहमुखं प्रोक्तम् । तथा गोल्यजघटेषु वृषवृश्चिकमेषतुलेषु सूर्ये स्थिते यमोदङ्मुखं गृहं प्रोक्तम् । द्रोणिगकुलीरसिंहगतयो कुम्भमकरकर्कसिंहगते सूर्ये पूर्वापरास्यं गृहं कुर्यात् । अन्यस्थेऽन्यराशिस्थिते सूर्ये गृहं न कुर्यात् । अथ भुजकोटिघात गृहदैर्घ्यविस्तारयोर्घात इभहृदष्टभक्त. शेषं क्रमात् ध्वजादय आया स्यु ॥ ७ ॥

भा० टी०—भाद्र, आश्विन, कार्तिक में 'वास्तुपुरुष' पूर्व दिशा में मस्तक करके सोते हैं, अगहन पौष, माघ में दक्षिण शिर होकर, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख में पश्चिमशिर होकर, ज्येष्ठ, आषाढ़ श्रावण में उत्तर शिर होकर वास्तुपुरुष सोते हैं, जिस दिशा में वास्तुपुरुष का शिर हो उस समय उस दिशा में घर का मुख शुभ होता है। तथा वृष, वृश्चिक, मेष, तुला में सूर्य रहें तो दक्षिण और उत्तर मुख का घर शुभ होता है। कुंभ, मकर, कर्क, सिंह में रवि रहें तो पूर्व पश्चिम मुख का घर शुभ होता है। अन्य राशिस्थ सूर्य में गृहारम्भ निषेध है। तथा घर के दैर्घ्य विस्तार के गुना में ८ का भाग देकर शेष ध्वजादिक आय होते हैं ॥ ७ ॥

अथायपरत्वेन द्वारमाह—

पूर्वादिध्वजधूमसिंहशुनकोक्षाणः खरेभोष्ट्रका
धार्याः स्वस्वपदे ध्वजोऽखिलमुखः प्राग्याम्यवक्त्रो गजः ।
प्रागास्यो वृषभो विवारुणमुखः सिंहः प्रशस्ता इमे
धूमोऽग्नेः शुनकोऽन्त्यजस्य खगपस्योष्ट्रोऽट्टपत्न्याः खरः ॥८॥

सं० टी०—पूर्वादिषु ध्वजधूमसिंहशुनकोक्षाण खरेभोष्ट्रकाः 'बलिष्ठा भवन्तीति' शेष । इमे आया स्वस्वपदे 'पूर्वस्यां ध्वज', आग्नेय्यां धूम इत्यादि स्वस्वस्थाने' धार्या.। वा स्वस्वानुरूपकार्येषु यथायोग्यं ध्वजादयो धार्या इति। अथायपरत्वेन मुखान्याह—ध्वजोऽखिलमुख· सर्वदिग्द्वार., गज प्राग्याम्यवक्त्र, वृषभ· प्रागास्यः पूर्वमुख', सिंहो विवारुणमुख. पश्चिमां विना सर्वदिग्द्वार. शुभ.। इमे चत्वार आया. प्रशस्ता सर्वेषां शुभप्रदा भवन्ति, अर्थादन्ये धूमादयश्चत्वार.

प्राया अशुभा भवन्ति । अथाशुभायानामपि स्थानविशेषे शुभत्वमाह—अग्नेर्गृहे धूमः शुभः, अन्त्यजस्य गृहे शुनकः, खगपस्य पक्षिपालकस्य गृहे उष्ट्रः, अट्टपत्न्याः वेश्याया गृहे खरः शुभो भवति ॥ ८ ॥

भा० टी०—पूर्वादिदिशाओं में क्रम से ध्वज, धूम, सिंह, श्वान, वृष, खर, हस्ती, उष्ट्र ये ८ आय बलवान होते हैं इन आयों को अपने २ स्थान में धारण करना चाहिये। सर्वदिग्मुख घर में ध्वज, पूर्वदक्षिण मुखगृह में गज, केवल पूर्वमुख में वृष, उत्तरपूर्व दक्षिणमुख में सिंह आय प्रशस्त है। ये ४ आय सबके लिये शुभ हैं। अर्थात् धूम, श्वान, खर, उष्ट्र ये ४ अशुभ हैं। रसोई आदि अग्नि गृह के लिये धूम आय, अन्त्यज यवन आदि के घर में श्वान आय, पक्षिपाल घर के लिये उष्ट्र और वेश्या के घर में खर आय प्रशस्त है ॥ ८ ॥

अथ राशिपरत्वेन गृहमुखान्याह—

प्राहुः प्राङ्मुखमंत्यवृश्चिककुलीराणां प्रचेतोमुखं
जूकोपान्त्यगवां यमास्यमबलायुग्मैणकानां हितम् ।
सौम्यास्यं गृहमाद्यसिंहधनुषामत्रेष्टकाष्ठाननं
कृत्वाशान्यककुब्गवाक्षवदनं तत्कार्यमास्यं न सत् ॥ ९ ॥

सं० टी०—अन्त्यवृश्चिककुलीराणां प्राङ्मुखं गृहं हितं प्राहुः आचार्या इति शेषः । जूकोपान्त्यगवां तुलाकुम्भवृषाणां प्रचेतोमुखं पश्चिमास्यं गृहं, अबलायुग्मैणकानां कन्यामिथुनमकराणां यमास्यं गृहं, आद्यसिंहधनुषां सौम्यास्यमुत्तराभिमुखं गृहं 'आचार्याः' हितं प्राहुः । अत्रेष्टकाष्ठाननं इष्टदिङ्मुखगृहं कृत्वा आशान्यककुब्गवाक्षवदनं कार्यम् (अवशिष्टपक्षत्रयान्तर्भित्तिषु गवाक्षाः कार्या इत्यर्थः) । "आस्यं न सदि"त्यस्याग्रिमश्लोकेन सम्बन्धः । ९ ॥

भा० टी०—मीन वृश्चिक कर्क राशिवालों के लिये पूर्वमुख, तुला, कुम्भ वृष राशि के लिये पश्चिम मुख, कन्या मिथुन मकरराशि के लिये दक्षिण मुख और मेष सिंह धनुराशि के लिये उत्तर मुख का घर शुभ है । अभीष्ट दिशा में घर का मुख बनाकर अन्य दिशाओं में खिड़की बनावें । 'आस्यं न सत' इसका आगे श्लोक से सम्बन्ध है ॥ ९ ॥

अथ गृहे कोणादिवेधदोषं तदपवादं चाह—

कोणाध्वभ्रमकूपकर्दमतरुद्वा:स्तंभदेवैश्चितं
सद्मोच्चद्विगुणाधिकान्तरभवे वेधे न दोषः किल।
अष्टघ्ने गृहभूफले भविहृते शेषं गृहर्क्षं भवे-
दृक्षे सर्पहृते व्ययो गृहमसत्स्वल्पायभूरिव्ययम् ॥१०॥

सं० टी०—कोणाध्वभ्रमकूपकर्दमतरुद्वा:स्तम्भदेवैश्चितं आस्यं गृह-
मुखं न सत् स्यात्। सद्मोच्चद्विगुणाधिकान्तरभवे वेधे किल (निश्चयेन)
दोषो न भवति। गृहभूफले अष्टघ्नेऽष्टगुणिते भविहृते सप्तविंशतिभक्ते
शेषं गृहर्क्षं भवेत्। ऋक्षे सर्पहृतेऽष्टभक्ते शेषं व्ययो भवति। स्वल्पा-
यभूरिव्ययं गृहं असत् स्यात्। अर्थात् बह्वायमल्पव्ययं गृहं शुभं
भवति ॥ १० ॥

भा० टी०—दूसरे घर के कोण, मार्ग, चाक, कूप, कीचड़, वृक्ष, दूसरे
घर के द्वार या स्तम्भ तथा देवमन्दिर इनमें किसी से विद्ध घर का मुख शुभ नहीं
होता है। अगर घर की ऊँचाई से द्विगुणित अन्तर पर वेध हो तो वेध का दोष
नहीं होता है। घर के क्षेत्रफल (लम्बाई चौडाई के घात) में २७ से भाग
देने से शेष गृहनक्षत्र होता है। गृहनक्षत्र में ८ का भाग देने से शेष व्यय
होता है। थोडा आय और अधिक व्यय वाला घर शुभ नहीं होता, अर्थात्
अधिक आय थोडा व्यय होने से घर शुभ होता है ॥ १० ॥

उ०—स्पष्ट है ॥१०॥

नक्षत्राद्राशिनिर्णयमाह—

मेषेऽश्वित्रितयं हरौ त्रिपितृभं मूलत्रयं धन्विनि
द्वे द्वे भे परतो गृहेशघटितं प्राग्वत्तु नाड्यन्यथा।
एकादिद्विगुणोत्तरा गृहमुखाद्दिक्ष्वंकका: स्युः क्रमा-
च्छालाशांकयुतिः कुयुग्ध्रुवमुखान्योकांसि संति स्फुटम् ॥११

सं० टी०—अश्वित्रितय अश्विन्यादित्रयं मेषे ज्ञेयम्। त्रिपितृ
मघादित्रयं हरौ सिंहे ज्ञेयम्। मूलत्रयं धन्विनि ज्ञेयम्। परतोऽन्ये
राशिषु द्वे द्वे भे ज्ञेये। गृहेशघटित गृह-गृहस्वामिनोर्मेलापकं प्राग्वत् विव
होक्तकन्यावरवत् ज्ञेयम्। नाड़ी तु अन्यथा ज्ञेयाऽर्थाद् विवाहे एकनाड
शुभाऽत्र तु शुभेति ज्ञेयम्। गृहमुखात् क्रमात् प्रदक्षिणक्रमतो दिक्षु चतस

दिशासु एकादिद्विगुणोत्तरा अङ्ककाः स्युः। शालाशाङ्कयुतिः कुयुक् एकयुता स्फुटं ध्रुवमुखानि ध्रुवादीनि ओकांसि गृहाणि सन्ति भवन्ति ॥११॥

भा० टी०—अश्विनी से ३ नक्षत्र मेष में, और मघा से ३ नक्षत्र सिंह में तथा मूलादिक ३ नक्षत्र धनुराशि में समझना, अन्य राशियों में दो दो नक्षत्र समझना। इस प्रकार घर के नक्षत्र और राशि समझकर गृह और गृहपति के विवाह प्रकरणोक्त मेलापक विचार करे। केवल नाडी में अन्यथा समझे। अर्थात् यहाँ एक नाडी के नक्षत्र शुभ माना जाता है। जिस दिशा मे घर का मुख हो उस दिशा से प्रदक्षिणक्रम से चारों दिशा मे क्रम से १, २, ४, ८ शालाङ्क होते है। शालाङ्कों के योग में १ जोडने से ध्रुवादि गृह होते हैं ॥ ११ ॥

वि०—ध्रुवादिषोडश गृहाणि--

"ध्रुवं धान्यं जय नन्दं खरं कान्तं मनोरमम्। सुमुखं दुर्मुखं क्रूरं सुपक्षं धनदं क्षयम्। आक्रन्दं विपुल चैव विजयं चेति षोडशम्॥"

स्पष्टार्थं ॥११॥

अथ गृहनामाक्षरसंख्यामंशसाधनं चाह—

आषष्ठाद्दशमं त्रयोदशमिमे द्व्यर्णाः परे त्र्यक्षराः
षष्ठान्त्यं चतुरक्षरं खलु गृहं स्युः षोडशैवं गृहाः।
गेहक्ष्माफलयुग्व्ययो गृहभवैर्नामाक्षरैः संयुत-
स्तष्टो वह्निभिरंशका न शुभदं पम्त्यं द्वितीयांशकम् ॥१२॥

सं० टी०—आषष्ठात् प्रथमादिषष्ठं यावदित्यर्थः, तथा दशमं, त्रयोदशं इमेऽष्टौ गृहाः द्व्यर्णाः द्व्यक्षराः, परे त्र्यक्षराः, षष्ठान्त्यं सप्तमं गृहं चतुरक्षरं, एवं षोडश गृहाः स्युः। व्ययः गेहक्ष्माफलयुक् गृहक्षेत्रफलयुक्तः गृहभवैर्नामाक्षरैश्च संयुतः वह्निभिस्त्रिभिस्तष्टः अंशका भवन्ति। तत्र द्वितीयांशकं पन्त्यं गृहं न शुभदं स्यात्। अर्थात् प्रथमांशकं तृतीयांशकंच शुभं भवति ॥ १२ ॥

भा० टी०—प्रथम से षष्ठपर्यन्त तथा दशम और त्रयोदश गृह का नाम २ अक्षर का, शेष गृह का नाम ३ अक्षर का और केवल सप्तम गृह का नाम ४ अक्षर का है। इस प्रकार ध्रुवादि १६ गृह हैं। व्यय की संख्या में गृह का क्षेत्रफल और गृह के नामाक्षर संख्या जोड़कर ३ का भाग देने से एकादि शेष में क्रम से इन्द्रादि अंश होते हैं। इनमें द्वितीय अंशवाला घर शुभ नहीं होता है ॥१२॥

[illegible] ॥ १२ ॥

अथ गुणाधिक्यविचारः—

यावद्भूरिगुणं हृदि स्फुरति तत्तावद्विचार्यं करै-
स्तेष्वेनो तनुयादिहांगुलमुखं क्षिप्त्वा विहायाथ वा ।
श्रीगोपीपतिमेरुशालुगिगुरुरायासविच्छित्तये
स्वेष्टायत्तफलं निबद्धमिह तज्ज्ञात्वा स्थलं साधयेत् ॥१३॥

सं० टी०—हृदि मनसि यावत् करैर्हस्तैर्भूरि गुणमधिकगुणं गृहं स्फुरति तावत् पर्यन्तं विचार्यम् । तै. करैः भूरिगुण नो चेत् तदेहाङ्गुलमुखम् (१) अधिक क्षिप्त्वा संयोज्य, वा विहाय संशोध्य गृहं तनुयात् कुर्यात् । श्रीगोपीपति-मेरुशालुगिगुरुभिर्देवज्ञै आयासविच्छित्तये यत् स्वेष्टायत्तफलं निबद्धं तत् इह गृहप्रकरणे ज्ञात्वा स्थलं साधयेत् ॥ १३ ॥

भा० टी०—जितने हाथ के घर से हृदय में अधिक गुण स्फुरण हो उतने तक विचार करें, यदि उतने हाथ में अधिक गुण न हो तो कुछ अङ्गुलादिक जोड़कर अथवा घटाकर घर बनावे । श्रीगोपीपति, मेरु, शालुगि आदि दैवज्ञों ने प्रयास हटाने के लिये जो अभीष्ट नक्षत्र फल कहा है उसे जानकर अभीष्ट स्थान का साधन करना चाहिये ॥ १३ ॥

(१) अत्र हकार संयुक्तत्वात् संयोगपूर्वस्यापि लघुत्वमेवेति ॥

